फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट – फतेहगढ़- 112

दिनांक :- 23.08.2024

पीआऱवी- 3504 के कर्मियों द्वारा सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर 01 यूनिट खून दान किया गया।

दिनांक 22.08.2024 समय- 15.30 बजे कॉलर शिवम निवासी- राजेपुर राठौरी, थाना राजेपुर ने डायल 112 पर सूचना दी कि खून की जरूरत है। उक्त सूचना पर पीआरवी कर्मी तत्काल मौके पर पहुँचे कॉलर ने बताया कि उसकी चाची की कान्हा हॉस्पीटल मसैनी चौराहा फर्रुखाबाद में डिलीवरी हुई है जिसमें डॉक्टर द्वारा बताया गया कि महिला में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम है, O+ ब्लड की तत्काल आवश्यकता है। पीआरवी कर्मी आरक्षी अंकित कुमार द्वारा सूचना की गम्भीरता को समझते हुए तत्काल एक यूनिट खून दान किया गया।

पीआरवी कर्मियों द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया, जिसकी आम जन मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

पीआरवी यूपी-32-डीजी-3504 कर्मियों के नामः-

1. आ0 अंकित कुमार
2. हो0गा0 ऋषिकान्त

मीडिया सेल फतेहगढ़।

फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट- आरक्षी परीक्षा-2023

दिनांक :- 23.08.2024

आज दिनांक 23.08.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़ द्वारा उत्तर प्रदेश में हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के दृष्टिगत विभिन्न यूपी पुलिस परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़ द्वारा परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को सतर्क होकर ड्यूटी करने व सभी अभ्यर्थियों से भर्ती परीक्षा बोर्ड द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़ के द्वारा पुलिस फोर्स को बीफ्र करते हुए परीक्षा केन्द्र के आस-पास यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने, अनावश्यक रूप से भीड़ को परीक्षा केन्द्र के आस-पास एकत्र न होने देने व परीक्षा को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(मीडिया सेल फतेहगढ़)

Biometric C
Aadhar authe
आधार प्रमा
Uttar Pradesh Police Recruitment &

रूप किशोर चतुर्वेदी इण्टर कॉलेज